अमर उजाला

बरेली
शनिवार, 12 अप्रैल 2025
चैत्र पूर्णिमा
विक्रम संवत-2081

PAGE NO : 07 MIDDLE

# दिल्ली पब्लिक स्कूल की जीत के नायक बने आदर्श



मैनऑफ द मैच चुने जाने पर विवेक को ट्रॉफी देते अतिथि।

**श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में तीसरे दिन हुए दो मुकाबले**

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी) की ओर से आयोजित श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सिक्स के तीसरे दिन शुक्रवार को दो मुकाबले खेले गए।

पहले मुकाबले में दिल्ली पब्लिक स्कूल ने बेदी इंटरनेशनल स्कूल को 36 रन से मात दी। दूसरे मैच में नेशनल पब्लिक स्कूल ने आदर्श निकेतन स्कूल को एक विकेट से पराजित किया।

पहले मुकाबले में डीपीएस के कप्तान आर्यन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। डीपीएस की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट खोकर 152 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बेदी इंटरनेशनल की टीम 20 ओवरों में आठ विकेट के नुकसान पर 116 रन ही बना सकी। 47 गेंदों पर 10 चौकों की मदद से 67 रन की आक्रामक पारी खेलने वाले डीपीएस के आदर्श कुशवाहा को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

दूसरे मुकाबले में आदर्श निकेतन स्कूल के कप्तान सूरज पाल ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। इस फैसले को नेशनल पब्लिक स्कूल के गेंदबाजों ने गलत साबित कर दिया।

गेंदबाजों ने आदर्श निकेतन स्कूल की टीम को 18 ओवरों में 112 रनों पर ही रोक दिया। नेशनल पब्लिक स्कूल की टीम ने 19.1 ओवर में 113 रन बनाकर रोमांचक मुकाबले में एक विकेट से जीत दर्ज की। दो विकेट प्राप्त करने के लिए नेशनल पब्लिक स्कूल के गेंदबाज विवेक को मैन ऑफ द मैच चुना गया।